# रॉयल सैनिक स्कूल में बिना प्रवेश परीक्षा मिलेगा दाखिला

**परबतसर @ पत्रिका.** शहर की रॉयल सैनिक स्कूल परबतसर में सत्र 2026-27 के लिए विद्यार्थियों को प्रवेश परीक्षा के बिना प्रवेश दिया जाएगा। स्कूल के प्रिंसिपल कमांडेंट इन्द्रराज सिंह ने बताया कि स्कूल की सोसायटी ने इस वर्ष कक्षा छह से कक्षा बारह तक प्रवेश के लिए प्रवेश परीक्षा आयोजित नहीं करने का निर्णय लिया है। यह निर्णय सीटों की संख्या बढ़ाए जाने के बाद लिया गया है। उन्होंने बताया कि सत्र 2026-27 के लिए देशभर से लगभग 250 विद्यार्थियों ने प्रवेश के लिए आवेदन किया है और सभी पात्र विद्यार्थियों को बिना प्रवेश परीक्षा ही दाखिला दिया जाएगा। यदि किसी कक्षा में सीटें रिक्त रहती हैं तो उन सीटों पर देशभर के विद्यार्थियों के लिए प्रवेश खुला रहेगा। उल्लेखनीय हैं कि रॉयल सैनिक स्कूल प्रतिवर्ष देश के विभिन्न परीक्षा



केंद्रों पर प्रवेश परीक्षा आयोजित करता रहा है, लेकिन इस वर्ष विशेष निर्णय के तहत प्रक्रिया को सरल किया गया है। प्रिंसिपल कमांडेंट इन्द्रराज सिंह ने बताया कि स्कूल परबतसर एक आवासीय विद्यालय है, जहां देश के विभिन्न राज्यों से विद्यार्थी अध्ययन करते हैं। यहां पढ़ाई के साथ-साथ सेना, खेल, एनडीए प्रवेश परीक्षा, एनसीसी, स्काउट तथा अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कराई जाती हैं।

# बिना प्रवेश परीक्षा मिलेगा रॉयल सैनिक स्कूल में इस वर्ष प्रवेश

## देशभर के विद्यार्थी लेंगे सैनिक स्कूल में प्रवेश

राजस्थान विकास दर्पण

**परबतसर (सुभाष पारीक)।** परबतसर की रॉयल सैनिक स्कूल में इस वर्ष विद्यार्थियों को प्रवेश परीक्षा के बिना प्रवेश दिया जाएगा। रॉयल सैनिक स्कूल के प्रिंसिपल कमांडेंट इन्द्रराज सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि रॉयल सैनिक स्कूल परबतसर की सोसायटी ने इस वर्ष यह निर्णय लिया है कि सत्र 2026-27 के लिए कक्षा छह से कक्षा बारह में प्रवेश के लिए किसी प्रकार की प्रवेश परीक्षा का आयोजन नहीं किया जाएगा। रॉयल सैनिक स्कूल परबतसर की सोसायटी द्वारा इस वर्ष प्रवेश हेतु सीटों में वृद्धि करते हुए



यह निर्णय लिया गया है। सत्र 2026-27 में प्रवेश हेतु देशभर के जिन विद्यार्थियों ने प्रवेश हेतु आवेदन किया है, उन्हें बिना प्रवेश परीक्षा ही प्रवेश दिया जाएगा। ज्ञातव्य है कि रॉयल सैनिक स्कूल प्रतिवर्ष देशभर के विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर प्रवेश परीक्षा का आयोजन करवाता है। नए सत्र में प्रवेश हेतु लगभग 250 विद्यार्थियों ने आवेदन किया है। बढ़ी हुई सीटों पर विद्यार्थियों को प्रवेश दिया जाएगा। किसी कक्षा में सीट खाली रह जाती है तो उस पर देशभर के सभी विद्यार्थियों के लिए प्रवेश खुला रहेगा। संस्था के प्रिंसिपल कमांडेंट इंद्रराज सिंह ने बताया कि रॉयल सैनिक स्कूल परबतसर एक आवासीय विद्यालय है। जिसमें पूरे देशभर के विद्यार्थी अध्ययन करते है। इस संस्था में विद्यार्थियों को अध्ययन के साथ साथ सेना, खेल, एनडीए प्रवेश परीक्षा, एनसीसी, स्काउट, प्रतियोगी परीक्षा की तैयारियां भी करवाई जाती है। रॉयल सैनिक स्कूल से पढ़कर अब तक एक हजार से भी अधिक विद्यार्थी सेना में चयनित हो चुके है। वही खेल के माध्यम से भी कई विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिनिधित्व करके अपनी पहचान बनाई है।

# बिना प्रवेश परीक्षा मिलेगा रॉयल सैनिक स्कूल में इस वर्ष प्रवेश

**देशभर के विद्यार्थी लेंगे सैनिक स्कूल में प्रवेश**

**ढ़ोलामारु न्यूज**

परबतसर।परबतसर की रॉयल सैनिक स्कूल में इस वर्ष विद्यार्थियों को प्रवेश परीक्षा के बिना प्रवेश दिया जाएगा। रॉयल सैनिक स्कूल के प्रिंसिपल कमांडेंट इन्द्रराज सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि रॉयल सैनिक स्कूल परबतसर की सोसायटी ने इस वर्ष यह निर्णय लिया है कि सत्र 2026-27 के लिए कक्षा छह से कक्षा बारह में प्रवेश के लिए किसी प्रकार की प्रवेश परीक्षा का आयोजन नहीं किया जाएगा। रॉयल सैनिक स्कूल परबतसर की सोसायटी द्वारा इस वर्ष प्रवेश हेतु सीटों में वृद्धि करते हुए यह निर्णय लिया गया है। सत्र 2026-27 में प्रवेश हेतु देशभर के जिन विद्यार्थियों ने प्रवेश हेतु आवेदन किया है, उन्हें बिना प्रवेश परीक्षा ही प्रवेश दिया जाएगा।



ज्ञातव्य है कि रॉयल सैनिक स्कूल प्रतिवर्ष देशभर के विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर प्रवेश परीक्षा का आयोजन करवाता है। नए सत्र में प्रवेश हेतु लगभग 250 विद्यार्थियों ने आवेदन किया है। बढ़ी हुई सीटों पर विद्यार्थियों को प्रवेश दिया जाएगा। किसी कक्षा में सीट खाली रह जाती है तो उस पर देशभर के सभी विद्यार्थियों के लिए प्रवेश खुला रहेगा। संस्था के प्रिंसिपल कमांडेंट इंद्रराज सिंह ने बताया कि रॉयल सैनिक स्कूल परबतसर एक आवासीय विद्यालय है। जिसमें पूरे देशभर के विद्यार्थी अध्ययन करते है। इस संस्था में विद्यार्थियों को अध्ययन के साथ साथ सेना, खेल, एनडीए प्रवेश परीक्षा, एनसीसी, स्काउट, प्रतियोगी परीक्षा की तैयारियां भी करवाई जाती है। रॉयल सैनिक स्कूल से पढ़कर अब तक एक हजार से भी अधिक विद्यार्थी सेना में चयनित हो चुके है। वही खेल के माध्यम से भी कई विद्यार्थियों ने राष्टीय स्तर पर प्रतिनिधित्व करके अपनी पहचान बनाई है। लखनऊ में आयोजित स्काउट गाइड राष्टीय जंबूरी में विद्यालय के स्काउट्स ने देशभर की कलर पार्टी का प्रतिनिधित्व करते हुए राष्ट्रपति के समक्ष मार्चपास्ट का प्रतिनिधित्व किया था। संस्था की कैडेट्स सानिया ने कश्मीर से कन्याकुमारी तक 99 दिनों में दौड़ लगाकर गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में नाम दर्ज करवाया है।

दैनिक भास्कर डीडवाना कुचामन भास्कर 31-01-2026

## शिक्षा की खबर

# बिना प्रवेश परीक्षा मिलेगा सैनिक स्कूल में प्रवेश, देशभर के विद्यार्थियों को मिला मौका




परबतसर। परबतसर की रॉयल सैनिक स्कूल में इस वर्ष विद्यार्थियों को प्रवेश परीक्षा के बिना प्रवेश दिया जाएगा। रॉयल सैनिक स्कूल के प्रिंसिपल कमांडेंट इन्द्रराज सिंह ने बताया कि रॉयल सैनिक स्कूल परबतसर की सोसायटी ने इस वर्ष यह निर्णय लिया है कि सत्र 2026-27 के लिए कक्षा 6 से कक्षा 12 में प्रवेश के लिए किसी प्रकार की प्रवेश परीक्षा का आयोजन नहीं किया जाएगा। इस वर्ष प्रवेश के लिए सीटों में वृद्धि करते हुए यह निर्णय लिया गया है। सत्र 2026-27 में प्रवेश के लिए देशभर के जिन विद्यार्थियों ने प्रवेश हेतु आवेदन किया है। उन्हें बिना प्रवेश परीक्षा ही प्रवेश दिया जाएगा।

ज्ञातव्य है कि रॉयल सैनिक स्कूल प्रतिवर्ष देशभर के विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर प्रवेश परीक्षा का आयोजन करवाता है। नए सत्र में प्रवेश हेतु लगभग 250 विद्यार्थियों ने आवेदन किया है। बढ़ी हुई सीटों पर विद्यार्थियों को प्रवेश दिया जाएगा। किसी कक्षा में सीट खाली रह जाती है तो उस पर देशभर के सभी विद्यार्थियों के लिए प्रवेश खुला रहेगा। संस्था के प्रिंसिपल कमांडेंट इंद्रराज सिंह ने बताया कि रॉयल सैनिक स्कूल परबतसर एक आवासीय विद्यालय है। जिसमें पूरे देशभर के विद्यार्थी अध्ययन करते है। इस संस्था में विद्यार्थियों को अध्ययन के साथ साथ सेना, खेल, एनडीए प्रवेश परीक्षा, एनसीसी, स्काउट, प्रतियोगी परीक्षा की तैयारियां भी करवाई जाती है।